# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (03.12.2024)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 03.12.2024, PAGE-08**

### दो वर्ष बाद भी पढ़ाई में नहीं है एकरूपता, वीसी ने आज बुलाई बैठक

# सभी कॉलेजों में होगा कक्षा और छुट्टी का एक समय

**चार वर्षीय स्नातक**

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में चार वर्षीय स्नातक को लेकर अब सभी कॉलेजों में कक्षा व छुट्टी का एक शिड्यूल होगा। यूजी चार वर्षीय स्नातक का दो साल बीतने के बाद भी कॉलेजों में पढ़ाई को लेकर एकरूपता नहीं है। चार वर्षीय यूजी की पढ़ाई को पटरी पर लाने को लेकर यह व्यवस्था की जा रही है।

कुलपति ने इसे लेकर मंगलवार को सभी कॉलेजों के प्राचार्य और विवि अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक बुलाई है। इसमें यूजी की पढ़ाई को लेकर सेमेस्टर के हिसाब से अगले तीन-तीन महीने का सभी कॉलेज का प्लान बनाने पर बात होगी। इसके साथ ही अपार आईडी, यूजी-पीजी में फीस में एकरूपता की समीक्षा होगी। यूजी और पीजी में कॉलेजों में अलग अलग फीस ली जा रही है। एक ही विवि में अलग अलग फीस लेने को लेकर विवि और कॉलेज के छात्र कई बार आंदोलन भी कर चुके हैं। सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को इन दोनों कोर्स से संबंधित फीस रिकार्ड लेकर आने का निर्देश दिया गया है।

**कॉलेजों में कक्षाओं की संख्या अलग-अलग, क्रेडिट पर भी आफत:** विवि के अलग-अलग कॉलेजों में यूजी के तहत चलने वाली कक्षा की संख्या भी अलग-अलग है। कहीं अगर एक महीने में 20 दिन कक्षा चली तो कहीं 10 दिन ही चली है। विवि प्रशासन की चिंता है कि विभाग की ओर से क्रेडिट के लिए कक्षा निर्धारित हैं। ऐसे में जिन कॉलेजों में निर्धारित कक्षा नहीं चली, उनका क्रेडिट भी अपलोड नहीं होगा। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक कुमार प्रताप ने कहा कि सभी कॉलेज को यूजी की पढ़ाई को लेकर प्लान बनाना है और इसी के तहत उन्हें काम करना होगा। सभी कॉलेज तीन महीने का कम से कम एक रोड मैप बनाएंगे। किस कॉलेज में अबतक क्या व्यवस्था हुई, इसपर कुलपति ने रिकार्ड मांगा है।

### कितने दिन छुट्टी, कितने दिन होगी कक्षा, बनाएंगे रोडमैप

डीएसडब्ल्यू ने कहा कि जनवरी से मार्च तक का प्लान अभी बनाएंगे। इसमें कितने कॉलेज में छुट्टी है, कितने दिन जयंती है और इसके आलोक में कितने दिन कक्षा हो सकती है, इसे बनाना है।

### प्रश्नपत्र कौन करेगा सेट इसपर भी बैठक में होगी चर्चा

यूजी की पढ़ाई को लेकर यह दूसरा सत्र है। इसके बावजूद अबतक यह तय नहीं हो पाया है कि प्रश्नपत्र कौन सेट करेगा और नोडल विभाग कौन होगा। इन सब पर भी बैठक में चर्चा होगी।

### चार वर्षीय यूजी में लगातार बढ़ रही छात्रों की संख्या

चार वर्षीय यूजी पाद्यक्रम लागू होने के बाद बीआरएबीयू में नामांकित छात्रों की संख्या बढ़ रही है। पहले एक से सवा लाख के बीच विवि में नामांकन होता था। दो साल में यह संख्या काफी बढ़ी है। इसबार यूजी में एक लाख 62 हजार छात्र-छात्राएं हैं।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 03.12.2024, PAGE-08



विश्वविद्यालय में सोमवार को छात्र संवाद में अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याओं को रखते विद्यार्थी। ● हिन्दुस्तान

## आवेदन के छह महीने बाद भी नहीं मिल पाया अंकपत्र

**छात्र संवाद**

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** सर, मैंने छह महीने पहले अंकपत्र के लिए आवेदन दिया था। अबतक नहीं मिला है। कॉलेज और विवि का चक्कर काट रही हूं। स्नातक के मार्क्सशीट के लिए पहुंची छात्रा ने सोमवार को छात्र संवाद में यह गुहार लगाई तो अधिकारियों ने कहा कि एक सप्ताह में कार्रवाई की जाएगी।

छात्र संवाद में सबसे अधिक मामले पेंडिंग रिजल्ट के आए। इसमें स्नातक पार्ट वन व पार्ट टू के रिजल्ट के अधिक मामले थे। चंदवारा से आए एक छात्र ने कहा कि पार्ट वन में सभी विषयों की परीक्षा में मैं उपस्थित था, लेकिन एक विषय में अनुपस्थित बताकर रिजल्ट पेंडिंग कर दिया गया और अबतक दौड़ रहा हूं। पीजी की एक छात्रा ने कहा कि महज दो नंबर से मेरा रिजल्ट पेंडिंग है। दो बार आ चुकी हूं।

### अंकपत्र नहीं मिलने के कारण नौकरी पर आफत

छात्र संवाद में चार अभ्यर्थी अपने अंकपत्र के मामले को लेकर पहुंचे। अघोरिया बाजार निवासी पंकज कुमार ने कहा कि मेरा नौकरी के लिए चयन हो चुका है। अंकपत्र मांगा जा रहा है, लेकिन यहां सिर्फ टरकाया जा रहा है।

## छात्रों ने पांचवें दिन भी नामांकन कराया बंद

**मुजफ्फरपुर।** पीजी में छात्राओं से नामांकन शुल्क लेने के विरोध में लगातार पांचवें दिन सोमवार को भी संयुक्त छात्र संगठनों ने नामांकन बंद करा दिया। इसके बाद विश्वविद्यालय मुख्यालय में थाली बजाओ कुलपति को जगाओ अभियान छात्रों ने चलाया।

नामांकन शुल्क लेने के विरोध में छात्रों के बीच लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। छात्र हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संकेत मिश्रा, लोजपा रामविलास के प्रदेश प्रधान महासचिव गोल्डेन सिंह, छात्र नेता पंकज सिंह, बिहार छात्र संघ के गौतम सिंह, करण सिंह, विवि अध्यक्ष तैयब खान, एआईएसएफ के महिपाल ओझा, छात्र नेता चंदन पासवान नेतृत्व कर रहे थे।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 04.12.2024, PAGE-04**


### कई छात्रों ने पेंडिंग रिजल्ट का समाधान नहीं करने का लगाया आरोप

# रिजल्ट हुआ पेंडिंग, आरटीआइ से नहीं मिली कॉपी, लगा रहे दौड़


वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर


बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पुराने अतिथि गृह में सोमवार को छात्र संवाद का आयोजन किया गया. इस दौरान बेतिया, बगहा, मोतिहारी, सीतमढ़ी, नरकटियागंज से लेकर वैशाली व जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने अपनी समस्याओं से पदाधिकारियों को अवगत कराया. कई छात्र-छात्राओं ने स्नातक और पीजी की परीक्षा के बाद परिणाम पेंडिंग कर देने और कॉपी के लिए आरटीआइ करने पर अबतक कॉपी नहीं देने की शिकायत की. एलएस कॉलेज के छात्र रवि कुमार ने कहा कि एक पेपर में महज एक-दो अंक कम होने से उन्हें अनुत्तीर्ण कर दिया गया. जब उन्होंने आरटीआइ से कॉपी मांगी तो अबतक कॉपी नहीं दी गयी. दो बार



विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में छात्रों की शिकायत सुनते अधिकारी.

वे छात्र संवाद में आवेदन दे चुके हैं. पीजी भौतिकी के छात्र विक्की कुमार ने कहा कि उन्हें एमएससी में पेपर-2 में प्रमोट कर दिया गया है. जबकि उन्होंने सभी प्रश्नों का सही उत्तर दिया था. प्रमोटेड होने पर जब उन्होंने कॉपी निकालकर देखना चाहा तो आवेदन के बाद अबतक उनकी कॉपी नहीं मिल सकी. पिछली बार आने पर कहा गया था कि यदि कॉपी नहीं मिलेगी तो औसत अंक देकर उन्हें पास कर दिया जाएगा, लेकिन अबतक रिजल्ट नहीं आया. मोतिहारी से पहुंचे चंचल कुमार ने शिकायत किया कि द्वितीय वर्ष का अंक नहीं जोड़े जाने के कारण उनका फाइनल रिजल्ट पेंडिंग पड़ा हुआ है. कई छात्र-छात्राओं ने डिग्री, प्रोविजनल और अंकपत्र नहीं मिलने की शिकायत की.

छात्र-छात्राओं का आवेदन लेकर एक सप्ताह के भीतर उन्हें संबंधित प्रमाणपत्र विश्वविद्यालय से मिल जाने और पेंडिंग परिणाम में सुधार का आश्वासन दिया गया. छात्र संवाद की अध्यक्षता कुलानुशासक प्रो.बीएस राय ने की. मौके पर अध्यक्ष छात्र कल्याण डॉ आलोक प्रताप सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान, डिप्टी कंट्रोलर-1 डॉ रेणु बाला, डिप्टी कंट्रोलर-2 डॉ आनंद प्रकाश दूबे के साथ ही परीक्षा विभाग के दीपेंद्र भारद्वात, अमन समेत अन्य मौजूद थे.

इस खबर को वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यू आर स्कैन करें.